
# TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें





teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

07 अक्टूबर 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

एक महान व्यक्ति अपनी कथनी से कम

करनी से ज्यादा जाना जाता है ।

कन्फ्यूशियस



राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

7 अक्टूबर

## मधु प्रिया

## गुरु गोबिंद सिंह स्मृति दिवस 7 अक्टूबर



गुरु गोबिंद सिंह जी सीखो के 10 वें गुरु थे | गुरु गोविंद सिंह का जन्म नौवें सिख गुरु के घर पटना के साहिब में पौष शुक्ल सप्तमी संवत् 1723 यानि की 22 दिसम्बर 1666 को हुआ था | उनके बचपन का नाम गोविन्द राय था | 1670 में गुरु गोबिंद सिंह का परिवार पंजाब में आ गया | गुरु गोबिंद सिंह जी एक महान योद्धा, कवि, भक्त एवं आध्यात्मिक नेता थे | 1699 बैसाखी के दिन गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी यह दिन सिखों के इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण दिन माना जाता है | कहा जाता है कि गुरु गोबिंद सिंह जी ने अपना पूरा जीवन लोगों की सेवा और सच्चाई की राह पर चलते हुए ही गुजार दी थी | गुरु गोबिंद सिंह का उदाहरण और शिक्षाएं आज भी लोगों को प्रेरित करती है | गुरु गोबिंद सिंह नांदेड़, महाराष्ट्र, भारत में एक लड़ाई में बुरी तरह से घायल हो गए थे। ऐतिहासिक वृत्तांतों के अनुसार, जमशेद खान ने गुरु गोबिंद सिंह का आशीर्वाद लेने की आड़ में उनसे संपर्क किया और उन्हें करीब से चाकू मार दिया। कुछ दिनों बाद गुरु गोबिंद सिंह की मृत्यू चोटों से हुई।

गुरु गोबिंद सिंह ने 1708 में 7 अक्टूबर को महाराष्ट्र के नांदेड़ में स्थित श्री हुजूर साहिब में अपने प्राणों का त्याग किया था। तभी से इस दिन को शहीदी/ स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है।

# जन्मदिन विशेष 07 अक्टूबर




**ज़हीर बख्तियार ख़ान** *Zaheer Khan*, जन्म- 7 अक्टूबर, 1978) पूर्व उत्कृष्ट भारतीय क्रिकेटर हैं। वह वर्ष 2000 से वर्ष 2014 तक भारतीय राष्ट्रीय क्रिकेट टीम में एक महत्वपूर्ण तेज गेंदबाज के रूप में शामिल रहे। वह भारतीय टीम की ओर से तेज गति से गेंदबाजी करने के लिए विख्यात रहे।

 राकेश कुमार

# महत्वपूर्ण सूत्र ( ब्याज )

- मिश्रधन=मूलधन+ब्याज

जैसे - मूलधन = 870रु , ब्याज = 152.25 रु , मिश्रधन = ?

हल:- मिश्रधन = 870 + 152.25

=1022.25रु

Anu Priya, Science Teacher




# TOB खेल कॉर्नर







## टेस्ट क्रिकेट का इतिहास

15 मार्च 1877 को इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट मैच हुआ था। इसमें ऑस्ट्रेलिया 45 रन से जीता था।
**हम टेस्ट क्रिकेट के बारे में बता रहे हैं।**

- इंग्लैंड के जेम्स साउदरटन टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी रहे। उन्होंने 49 साल 119 दिन की उम्र में पहला टेस्ट मैच खेला था। यह रिकॉर्ड आज तक नहीं टूट सका है।
- ऑस्ट्रेलिया के चार्ल्स बैनरमैन टेस्ट मैच की पहली गेंद और पहला टेस्ट शतक लगाने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने पहले टेस्ट मैच में नाबाद 165 रन बनाए थे।
- इंग्लैंड के अल्फ्रेड के नाग टेस्ट क्रिकेट का पहला ओवर फेंकने का रिकॉर्ड है। उन्होंने यह गेंद ऑस्ट्रेलिया के चार्ल्स बेलरमेल को फेंकी थी। अल्फ्रेड ने 7 टेस्ट मैच खेले।
- ऑस्ट्रेलिया के नाम पहला टेस्ट जीतने का रिकॉर्ड है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 1877 में खेले गए पहले टेस्ट में इंग्लैंड को 45 रन से हराया।
- भारत ने टेस्ट शुरू होने के 55 साल बाद 24 जून 1932 को पहला टेस्ट मैच खेला। यह इंग्लैंड के खिलाफ था। इसमें भारत को हार मिली।
- भारत को टेस्ट खेलने के 20 साल बाद 1952 में पहली जीत मिली। टीम ने इंग्लैंड को ही पारी और 8 रन से हराया था।
- भारत ने इस फॉर्मेट में अब तक 594 मैच खेले हैं। 183 में जीत और 186 में टीम को हार मिली। एक मैच टाई और 224 टेस्ट ड्रॉ भी रहे।
- टेस्ट में भारत का टॉप स्कोर 759 रन है। यह इंग्लैंड के खिलाफ 2016 में चेन्नई में बना था। सबसे छोटा स्कोर 36 रन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2020 में एडिलेड में बना था।

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 07.10.2025

## नवाचार

नवाचार का अर्थ है किसी भी क्षेत्र, प्रक्रिया या उत्पाद में नयापन या परिवर्तन लाना, जिसमें एक नया विचार, विधि या उपकरण शामिल होता है. यह मौजूदा चीजों में सुधार कर, रचनात्मकता और अनुकूलनशीलता का प्रयोग करते हुए नई दिशा प्रदान करता है. नवाचार का उद्देश्य पुराने तरीकों को बदलकर उन्हें अधिक प्रभावी और उपयोगी बनाना है।

www.teachersofbihar.org राकेश कुमार

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



शतरंज का आविष्कार भारत में हुआ था, इसका प्रारंभिक रूप “चतुरंग” था जिसे 6वीं शताब्दी में विकसित किया गया था। इसमें हाथी, घोड़ा, रथ और पैदल सैनिक होते थे। यह खेल बाद में फारस और यूरोप पहुंचकर आधुनिक शतरंज का रूप ले चुका है, जिसे आज दुनिया भर में खेला जाता है।



राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

The change makers



## गुणकारी फल

### तरबूज



मुझमें विटामिन ए, बी, सी, बीटा कैरोटीन , लौहा तथा पानी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है।

Anu priya

# पद्य पंकज

"

कविता समाज का दर्पण,
अंतर्मन का अर्पण है
साहित्य के अंशुमाली
का यह आत्मसमर्पण है।
अलंकार,रस,छंद सभी
निज भावों की भाषा है,
गति-यति-लय मिलन - बिंदु पर
सुख-दुख की परिभाषा है।

सुमित्रा नंदन पंत

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar

The change makers

## स्मृति दिवस

7 अक्टूबर



# गुरु गोबिंद सिंह

22 दिसंबर 1666-7 अक्टूबर 1708

www.teachersofbihar.org

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
विश्व कपास दिवस
7TH OCTOBER